॥ मैं तो जपूं सदा तेरा नाम ॥

मैं तो जपूं सदा तेरा नाम । सदगुरु दया करो ॥

दया करो कृपा करो । कृपा करो रहम करो ॥

मैं तो जपूं सदा तेरा नाम ...

द्वार पे आया भक्त तुम्हारे । अपनी दया के खोलो द्वारे ॥

पूर्ण हो सब काम । सदगुरु दया करो ॥

मैं तो जपूं सदा तेरा नाम ...

भजन कीर्तन गांऊ तेरा । निस दिन पांऊ दर्शन तेरा ॥

कृष्ण कृष्ण मेरे राम । सदगुरु दया करो ॥

मैं तो जपूं सदा तेरा नाम ...

जहा तहा देखूं सूरत तेरी । मन में बस गई मूरत तेरी ॥

शरण में ले लो मेरे राम । सदगुरु दया करो ॥

मैं तो जपूं सदा तेरा नाम ...

साधू संत की संगत देना । अपने नाम की रंगत देना ॥

मुझे अपना बना लो मेरे राम । सदगुरु दया करो ॥

मैं तो जपूं सदा तेरा नाम ...

मन मंन्दिर में ज्योत जला दो । मुझे अपना तुम रुप दिखा दो ॥

पहुँचा दो निज धाम । सदगुरु दया करो ॥

मैं तो जपूं सदा तेरा नाम ...